# तेरी बिगड़ी बना देगी चरण रज राधा प्यारी की लिरिक्स

तेरी बिगड़ी बना देगी,
चरण रज राधा प्यारी की।bd।

---

तू बस एक बार श्रद्धा से,
लगा कर देख मस्तक पर,
सोयी किस्मत जगा देगी,
चरण रज राधा प्यारी की।
तेरी बिगडी बना देगी,
चरण रज राधा प्यारी की।bd।

---

दुखो के घोर बादल हों,
या लाखों आंधियां आयें,
तुझे सबसे बचा लेगी,
चरण रज राधा प्यारी की।
तेरी बिगडी बना देगी,
चरण रज राधा प्यारी की।bd।

---

तेरे जीवन के अँधियारो में,
बनके रोशनी तुझको,
नया रास्ता दिखा देगी,
चरण रज राधा प्यारी की।
तेरी बिगडी बना देगी,
चरण रज राधा प्यारी की।bd।

---

भरोसा है अगर सच्चा,
उठा कर फर्श से तुझको,
तुझे यह अर्शों पर बिठा देगी,
चरण रज राधा प्यारी की।
तेरी बिगडी बना देगी,
चरण रज राधा प्यारी की।bd।

---

लिखे महिमा चरण रज की,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

नहीं है 'दास' की हस्ती,
तुझे दासी बना लेगी,
चरण रज राधा प्यारी की।
तेरी बिगडी बना देगी,
चरण रज राधा प्यारी की।bd।

---

तेरी बिगड़ी बना देगी,
चरण रज राधा प्यारी की।bd।

स्वर – भईया कृष्ण दास जी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com